हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

करें उत्सव की
शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

खबर संक्षेप

दुकान से दस हजार रुपए की चोरी, आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम बल्दीडीह के एक किराना दुकान से दस हजार रुपए की चोरी के मामले में आरोपी के विरूद्ध सांकरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बल्दीडीह के राजू डडसेना ने बताया कि हाइवे रोड किनारे उसकी किराना दुकान है। 20 अक्टूबर को जब उसने अपने किराना दुकान को खोला तो देखा कि दराज में रखे 500 रुपए के 02 नग नोट, 200 रुपए के 20 नग नोट एवं 100 रुपए 25 नग नोट और 50 रुपए के 50 नग नोट कुल 10000 रुपए नहीं थे। जब उसने सीसीटीवी को चेक किया तो उसी रात को गांव का अनिल यादव पिता बरत यादव शटर के ऊपर से चढते हुए दिखाई दिया। प्रार्थी ने अनिल यादव पर 10 हजार रुपए की चोरी का संदेह व्यक्त करते हुए रिपोर्ट लिखाई है। रिपोर्ट पर सांकरा थाने में धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जीजा ने साले से की मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम रामभाठा चौक में एक व्यक्ति ने अपने साले के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को हरिशंकर कश्यप पिता तोपसिंग कश्यप (49 साल) दलदली चौकी भंवरपुर थाना बसना ने बताया 21 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी पुलबाई कश्यरप व नतनीन योमा कश्यप के साथ मोटर सायकल से दशगात्र कार्यक्रम में जा रहा था, ग्राम रामभांठा में पहुंचने पर उसके जीजा उत्तम पटेल ने रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट कर उसे एवं उसकी पत्नी को धक्का देकर गिरा दिया, इसके बाद प्रार्थी के घर जाकर बहन सुमित्रा एवं पिताजी को हाथ मुक्का लात से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115 (2), 351 (3), 126 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

मुख्यमंत्री साय के संभावित गढ़फुलझर आगमन को लेकर कलेक्टर ने किया स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शनिवार 24 अक्टूबर को जिले के बसना विकासखंड अंतर्गत गढ़फुलझर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना प्रस्तावित है। रामचंडी 2026 के अवसर पर बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज द्वारा श्री श्री रणेश्वर रामचंडी मंदिर परिसर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं बंधु मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अधिकारियों एवं समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल श्रीश्री रणेश्वर रामचंडी मंदिर एवं परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आयोजन से संबंधित आवश्यक तैयारियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर कोलता समाज के पदाधिकारीगण मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना प्रस्तावित है। साथ ही बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज रायपुर के अध्यक्ष गिरधारी साहू अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संबलपुर लोकसभा ओडिशा, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार धर्मेंद्र प्रधान, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी, विधायक बसना डा संपत अग्रवाल शामिल होंगे। इसी तरह विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरीनंद, विधायक रायपुर पुरंदर मिश्रा एवं पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह शामिल होंगे।



खल्लारी में उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया विजयादशमी का पर्व

महासमुंद। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व, दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में उल्लास पूर्ण माहौल में हुआ। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राग रंग मानस मंडली खल्लारी के तत्वाधान में दशहरा उत्सव का आयोजन माता राऊर प्रांगण में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में भीमराज साहू, रमनदास वैष्णव, राहुल अग्रवाल, नेतराम साहू, कन्हैयालाल साहू, रामेश्वर बरिहा, देवेंद्र दीवान, सोनु यादव, युगल किशोर यादव, करीम खान, युवराज सिंग ठाकुर, श्यामदेव ठाकुर आदि सहित ग्राम पंचायत खल्लारी, खल्लारी मातेश्वरी मंदिर ट्रस्ट, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिक, व्यापारियों व समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।



आशीबाई स्कूल की छात्रा रागनी स्पेस टेक्निकल इवेंट दिल्ली में होगी सम्मिलित

महासमुंद। नगर के प्रतिष्ठित आशी बाई गोलछा हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा रागनी साहू का चयन मिशन शक्तिसैट के तहत 27 अक्टूबर को नई दिल्ली में वायासैट द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए किया गया है। यह कार्यक्रम देशभर के मात्र 20 चयनित छात्राओं को अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, उपग्रह संचार और संबंधित क्षेत्रों में हो रहे विकास से अवगत होने का अवसर प्रदान करेगा। स्पेस किड्ज इंडिया की संस्थापक और सीईओ तथा मिशन शक्तिसैट की निदेशक डॉ. केसन ने स्कूल की छात्रा रागनी साहू और उनके मार्गदर्शक शिक्षक संजय एक्का व्याख्याता को कार्यक्रम एवं कार्यशाला में शामिल होने आमंत्रित किया है। विद्यालय के प्राचार्य गोविंद राम सिन्हा ने कहा कि इस कार्यशाला से छात्रा के ज्ञान, आत्मविश्वास और वैश्विक अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति उसके अनुभव में वृद्धि होगा, जिससे उसे विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान में भविष्य के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान एवं समिति के सदस्यों ने इस उपलब्धि को पूरे महासमुंद जिला का गौरव बताते हुए छात्रा रागिनी और स्कूल के प्राचार्य को बधाई दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन एवं सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, व्याख्याता विमल मन्नाडे, तोषण गिरी गोस्वामी, विज्ञान संकाय के व्याख्याता द्वय डॉ ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, कीर्तन साहू, खेमलता कंवर आदि ने हर्ष जताया है।

राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए 7 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला हैंडबॉल के 07 खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ शालेय हैंडबॉल बालक 14 वर्ष टीम में किया गया है, जो कि महासमुंद जिला की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के सचिव एवं कोच सैयद इमरान अली ने बताया कि विगत दिनों राज्य स्तरीय की प्रतियोगिता जांजगीर चांपा में आ गई थी। जिसमें महासमुंद जिला की टीम रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों को चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में आर्यन सोनी शिशु संस्कार केंद्र, सैयद अरहम अली, नीतीश साहू, मुदस्सीर खान, आर्यन वडे, सक्षम शर्मा, श्रेयांश उईके सभी गुड शेफर्ड विद्यालय शामिल है। सभी खिलाड़ी तीन दिवसीय राष्ट्रीय कोचिंग कैंप जांजगीर चांपा के उपरांत 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होने वाले राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता उमरिया मध्य प्रदेश में भाग लेंगे। चयनित सभी खिलाड़ियों ने हैंडबॉल कोच सैयद इमरान अली के नेतृत्व में महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, सहायक जिला कीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भोपाल सिंह बंजारा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना डालेन, गुड शेफर्ड विद्यालय के संस्थापक आनिता रावटे, शिशु संस्कार केंद्र के संचालक मनोहर महंती, नवनीत सिंह गुरुदत्ता, आदित्य चंद्राकर, सोनिया बंदे एवं महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के समस्त वरिष्ठ

सूने घर का ताला टूटा, जेवर समेत नगदी रकम चोरी

महासमुंद। ग्राम हरनादादर में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने जेवर और नगद रकम समेत करीब 80 हजार रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। 21 अक्टूबर को प्रार्थी कार्तिक यादव पिता देवान यादव (30 साल) अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर दुर्गा विसर्जन करने के लिए गया था। दुर्गा विसर्जन कर लगभग 04 बजे घर वापस आने पर देखा तो मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर रखे आलमारी से सोने के लॉकेट 3 नग, चांदी की पायल एक जोड़ी, एक नग चांदी की करधन कीमत 30000 रुपए और नगदी रकम 50000 रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

धान कटाई को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, हंसिया, डंडा और गुलेल चले

महासमुंद। धान कटाई को लेकर ग्राम सलडीह में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना की रिपोर्ट पर सांकरा थाने में अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को सलडीह के धनु भोई, ने बताया कि गांव के नुआर खार के खेत में वह करीबन न 40 साल से खेती किसानी कर रहा है, खेत में इस वर्ष भी धान का फसल लगा है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उक्त जमीन को गांव का विशंभर भोई अपनी जमीन बताता है। 21 अक्टूबर की सुबह विशंभर भोई, उसकी पत्नी शांति भोई, पुत्र राजेश भोई , उसकी बहू सुमति भोई व गांव के अन्य चार पांच लोग खेत में बोये गये धान को काट रहे थे, पता चलने पर वह अपनी पत्नी भूमिसुता भोई के साथ खेत गए और धान काटने से मना किया। इस पर विशंभर भोई व उसके पुत्र राजेश भोई के द्वारा हमारी जमीन है कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हंसिया से मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। दूसरी ओर सलडीह के राजेश भोई ने पुलिस को बताया कि गांव के नुआर खार स्थित खेत में उसने धान की फसल लगाई है। जिसे 21 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी सुमति भोई, पिता विशंभर भोई, मां शांति भोई और गांव के कुछ मजदूरों को लेकर काटने गये थे। इसी गांव के धनु भोई, उसकी पत्नी भूमिसुता भोई, उसका लड़का लक्ष्मण भोई, उसकी बहू अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ आए और कहने लगे कि हम लोग धान लगाये हैं, तुम लोग धान को क्यों काट रहे हो। इस दौरान आरोपियों ने हाथ मुक्का, डंडा, गुलेल से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कार्रवाई के बाद भी नहीं...

यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब जिले में मजदूरों को कथित तौर पर अग्रिम राशि देकर दूसरे राज्यों के ईंट-भट्ठों तक भेजने और उनके शोषण से जुड़े मामलों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सितंबर 2026 में सामने आए एक मामले में पुलिस ने कथित अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। इसके बाद प्रशासन ने भी श्रमिकों के पलायन, पंजीयन और सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ईंट-भट्ठा सरदारों और ठेकेदारों को निर्देश दिए।

सरायपाली में अवैध ....

जांच की गई तथा उपचार में उपयोग की जा रही दवाइयों एवं उपकरणों का अवलोकन किया गया। जांच के दौरान अवधिपार दवाइयां और उपचार संबंधी उपकरण मिलने पर इसकी सूचना तत्काल सीएमएचओ को दी गई। इसके बाद अनुविभागीय दंडाधिकारी, सरायपाली के आदेशानुसार राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, हल्का पटवारी तथा पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर संबंधित क्लीनिक को सील किया गया। मामले में नर्सिंग होम एक्ट सहित लागू प्रावधानों के तहत आगामी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह कुशवाहा ने कहा कि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना आवश्यक चिकित्सकीय अर्हता के उपचार करना तथा अवधिपार दवाइयों का उपयोग करना जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। जिले में इस प्रकार की अनियमितताओं के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। आम जनता के स्वास्थ्य और जीवन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बेटे की मारपीट से पिता घायल

महासमुंद। ग्राम बुंदेली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 20 अक्टूबर की रात्रि करीबन 11.40 बजे बालेश कुमार साहू शराब पीकर घर में हो हल्ला और गाली गलौच कर रहा था, तभी उसके पिता रिखीराम साहू ने उसे शराब पीने और गाली गलौज करने से मना किया, इस पर आरोपी बालेश साहू ने रिखीराम साहू के साथ गाली गलौज करते हुए आंगन में रखे फावड़ा (रापा) मारा, जिससे सिर में चोट आई। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।







तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

14 बागबाहरा में वोट चोरी के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाली बाइक रैली



14 नगर की सड़कों पर आस्था का उमड़ा जनसैलाब



सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
23 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
21

आवश्यकता है
दवाई दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है।
लक्ष्मी मेडिकल हॉल
स्टेट बैंक के सामने रायपुर रोड-महासमुंद
3 पद
(वेतन योग्यतानुसार)
साक्षात्कार के लिए सीधे मेडिकल के पते पर संपर्क करें-
7000618072
7358519978

उत्खनन पर लगी रोक हटने के बाद भी आम लोगों को राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रेत घाटों से उत्खनन पर लगी रोक 15 अक्टूबर को हटने के बाद एक बार फिर नदी-नालों से रेत निकालने का सिलसिला शुरू हो गया है। शासन की ओर से वैध रेत घाटों पर उत्खनन की अनुमति दिए जाने के बावजूद आम नागरिकों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। रेत निकासी के लिए रास्ते तैयार करने और आवश्यक निर्माण कार्यों के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किए जाने से उत्खनन का काम प्रभावित हो रहा है। इसके चलते बाजार में रेत की उपलब्धता और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को अब भी बारिश के दिनों में प्रचलित ऊंची दरों पर ही रेत खरीदनी पड़ रही है। इससे मकान निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों में राहत मिलने की संभावना थी।

रेत उत्खनन की अनुमति मिलने के बाद ठेकेदारों को आवश्यक रास्तों के निर्माण और अन्य व्यवस्थाएं तैयार किए जाने के दौरान स्थानीय विरोध का सामना करना पड़ रहा है। रेत उत्खनन से जुड़े लोगों का कहना है कि वैध अनुमति के आधार पर काम शुरू करने के बावजूद बार-बार उत्पन्न होने वाले गतिरोध के कारण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार काम करना मुश्किल हो रहा है। यदि घाटों तक पहुंचने के रास्ते और परिवहन व्यवस्था सुचारु नहीं होंगे, तो उत्खनन की अनुमति मिलने का पूरा लाभ न तो ठेकेदारों को मिल सकेगा और न ही आम उपभोक्ताओं को। हाल ही में एक मामला सामने आया जिसमें लाफिन रेत घाट के वैध ठेकेदार द्वारा तैयार कराए जा रहे रास्तों को संबंध में शिकायत की गई जिसके बाद रेत उत्खनन कार्य बाधित हो गया।

वैध रेत घाटों पर उत्खनन शुरू, रास्तों के निर्माण और स्थानीय विरोध के चलते काम प्रभावित



खदानें शुरू होते ही एनएच-353 पर बढ़ा भारी वाहनों का दबाव

जिला मुख्यालय के आसपास की रेत खदानों में उत्खनन शुरू होने के साथ ही शहर के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर भारी वाहनों की आवाजाही एक बार फिर बढ़ गई है। रेत परिवहन में लगे ट्रकों और अन्य भारी वाहनों के कारण शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। वहीं, यातायात विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आम नागरिकों के हेलमेट नहीं पहनने पर चालानी कार्रवाई करने वाला विभाग भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही के मामले में अपेक्षित सख्ती नहीं दिखा रहा है। रेत खदानों से परिवहन शुरू होते ही शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ना कोई नई बात नहीं है। इसके बावजूद हर बार वही स्थिति बनने से यातायात प्रबंधन की तैयारियों पर सवाल खड़े होते हैं।

प्रतिस्पर्धा बढ़ने से कीमतों में कमी की उम्मीद

रेत कारोबार से जुड़े लोगों की मानें तो उनकी प्राथमिकता बाजार में प्रतिस्पर्धा बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर रेत उपलब्ध कराना है। इसके लिए जरूरी है कि वैध रेत घाटों से पर्याप्त मात्रा में रेत की निकासी हो और परिवहन व्यवस्था बिना रुकावट संचालित हो। आपूर्ति बढ़ने से बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा जिससे कीमतों में कमी आएंगी।

राजस्व हानि की भी आशंका

वैध रेत घाटों से उत्खनन की अनुमति दिए जाने के बाद शासन को राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद रहती है। लेकिन, लगातार बाधाओं के कारण उत्खनन और परिवहन का काम प्रभावित होने से राजस्व संग्रह पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। ठेकेदारों का कहना है कि जब शासन की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के तहत उत्खनन की अनुमति दी गई है और इसके एवज में राजस्व का भुगतान किया जा रहा है, तो उन्हें नियमानुसार काम करने के लिए प्रशासनिक सहयोग भी जरुर मिलना चाहिए। स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाले विवादों का समय रहते समाधान किया जाए, ताकि वैध रेत घाटों से निकासी नियमित रूप से हो सके। इनका कहना है कि वैध अनुमति के आधार पर उत्खनन करने वाले कारोबारियों को काम करने के लिए अनुकूल वातावरण मिलना चाहिए।

खबर संक्षेप

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। सरायपाली के वीरेंद्र नगर में एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ननकी यादव ने बताया कि 21 अक्टूबर की शाम 4 बजे घर के सामने उसके लड़के ओमप्रकाश यादव के साथ मोहल्ले का दुर्गेश निषाद गाली गलौज कर रहा था, जिसे घर से निकलकर उसने मना किया। तब दुर्गेश यादव ने प्रार्थिया के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और पत्थर से मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

विडंबना: छोटे-छोटे समूहों में भट्ठों तक पहुंचाने की तैयारी!

कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा मजदूरों का पलायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में मजदूरों को दूसरे राज्यों के ईंट-भट्ठों में भेजने वाले ठेकेदारों और कथित दलालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद भी श्रमिकों के पलायन का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। अब मजदूरों को बड़े समूहों में ले जाने के बजाय छोटे-छोटे जत्थों में बाहर भेजने की सूचनाए सामने आ रही हैं। हाल ही में पिथौरा के ग्राम कौहाकूड़ा के आगे सरायपाली के पास सड़क किनारे करीब 20 से 25 मजदूरों के सामान से भरी बोरियों और बैग के साथ किसी वाहन का इंतजार करने और ईंट-भट्ठों में काम करने के लिए जाने की बात सामने आई।

⏭शेष पेज 12 पर



डोंगरीपाली चौक पर 12 लोगों को समझाइश देकर लौटाया

पलायन की आशंका के बीच बीते दिनों डोंगरीपाली चौक के पास एक अन्य मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, छोटे-छोटे बच्चों सहित 12 लोग महाराष्ट्र के ईंट-भट्ठे में काम करने के लिए जा रहे थे। सभी गोपालपुर निवासी बताए गए हैं। सूचना मिलने पर पिथौरा पुलिस ने उनसे पूछताछ की और समझाइश दी, जिसके बाद वे वापस घर लौट गए।

बस से रायपुर, फिर ट्रेन से ईंट-भट्ठों तक पहुंचने की योजना

स्थानीय स्तर पर सामने आ रही जानकारी के अनुसार, मजदूरों को पहले यात्री बसों से रायपुर तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद ट्रेन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के ईंट-भट्ठों तक ले जाने की बात कही जा रही है। इस प्रक्रिया में मजदूर छोटे समूहों में यात्रा करते हैं, जिससे उनके पलायन की जानकारी संबंधित विभागों तक समय रहते जानकारी नही पहुंच रही है। कुछ मामलों में गांव के ही किसी व्यक्ति को समूह का मुखिया बनाकर मजदूरों को बाहर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। पूछताछ के दौरान कुछ लोग तमिलनाडु में पोल्ट्री फार्म में अंडे एकत्र करने जैसे काम के लिए जाने की बात कहकर प्रशासन, पुलिस और विभाग को गुमराह किया जा रहा है।

बड़े नेटवर्क पर कार्रवाई, अब छोटे स्तर पर निगरानी की चुनौती

जिले में हाल के दिनों में एक मामले में पांच आरोपियों नंदकुमार मोहंती उर्फ नंदू निवासी पिथौरा क्षेत्र, जिला महासमुंद, पीयूष अग्रवाल निवासी लहरौद, थाना पिथौरा, जिला महासमुंद, मुकेश चंद्राकर, निवासी बेलटुकरी, जिला नुआपाड़ा, ओडिशा, नसीम बानो उर्फ लता सबर निवासी खरियार रोड, ओडिशा, मनीष गुप्ता निवासी ब्राह्मणडीह/बाम्हनडीह, जिला महासमुंद, को गिरफ्तार करने के साथ बड़ी मात्रा में नकदी और श्रमिकों के पलायन से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए। इन कार्रवाईयों के बावजूद यदि छोटे-छोटे समूहों में श्रमिक बाहर जा रहे हैं, तो यह संबंधित विभागों के लिए निगरानी की बड़ी चुनौती है।

सरायपाली में अवैध क्लीनिक पर स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल पर प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग, राजस्व प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने सरायपाली के झिलमिला चौक स्थित एक कथित अवैध क्लीनिक पर कार्रवाई की। निरीक्षण के बाद संबंधित क्लीनिक को विधिवत सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान अवधिपार (एक्सपायरी) दवाइयां एवं मरीजों के उपचार में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न चिकित्सकीय उपकरण भी बरामद किए गए।

प्राप्त शिकायत के अनुसार, झिलमिला चौक स्थित राकेश मेडिकल से संबद्ध होकर विनायक पणिग्रही द्वारा कथित रूप से बिना वैध चिकित्सकीय डिग्री अथवा आवश्यक प्रमाण-पत्र के क्लीनिक संचालित किए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह कुशवाहा के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर औचक निरीक्षण किया।

जांच दल में जिला नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट) डॉ. वीपी सिंह, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. केशव चंद्र साहू तथा जिला समन्वयक (आयुष्मान भारत) पृथ्वी साहू शामिल थे। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में चिकित्सकीय अर्हता से संबंधित दस्तावेजों की

⏭शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप



खरोरा में झांकी की हुई प्रस्तुति

महासमुंद। ग्राम खरोरा में शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नवमी के दिन नवदुर्गा उत्सव समिति बस्ती पारा में भव्य झांकी और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि नवरात्र महानवमी पर कसही धमतरी के कलाकारों ने भव्य झांकी की प्रस्तुति दी, जिसे देखने के लिए खरोरा व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने सहित एकत्र हुए।



वार्ड 04 में मनाया गया दशहरा पर्व

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 04 कुशाभाऊ ठाकरे गार्डन के पास दशहरा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां रावण दहन पश्चात लोगों ने असत्य पर सत्य की विजय के तौर पर एक-दूसरे को सोनपत्ती भेंट की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू, विशेष अतिथि वॉर्ड नं 16 के पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, सभापति एवं वॉर्ड 05 के पार्षद जितेंद्र देवनारायण ध्रुव एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता वॉर्ड पार्षद राहुल आंवड़े ने की। कार्यक्रम में समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

फॉरेस्ट ग्राउंड में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आज से

महासमुंद। महिला पतंजलि योग समिति महासमुंद के तत्वावधान में 23 अक्टूबर से फॉरेस्ट ग्राउंड में 3 दिवसीय विशेष निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ होने जा रहा है। यह शिविर 25 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक संचालित रहेगा। शिविर की मुख्य अतिथि जिला महिला पतंजलि समिति की प्रभारी सुमति साहू रहेंगी। शिविर आयोजक एवं महिला पतंजलि योग समिति की महामंत्री पूनम पटले ने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्राकृतिक व यौगिक पद्धति से पूर्णतः निरोगी बनाना है। इन तीन दिनों में साधकों को नियमित योग अभ्यास के साथ-साथ रोगानुसार योग, प्राणायाम और ध्यान का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा दैनिक जीवन में उपयोगी पारंपरिक जड़ी-बूटियों व औषधीय पौधों का परिचय और उनके सही इस्तेमाल के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन किया जाएगा। पूनम पटले ने बताया कि विभिन्न बीमारियों (वात, पित्त, कफ जनित रोग, मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप आदि) से ग्रसित लोग भी इस शिविर में शामिल होकर प्राकृतिक उपचार व योग साधना का लाभ ले सकते हैं।

आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल एवं अधिनियम के प्रावधानों पर प्रशिक्षण 28 को

महासमुंद। सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों तथा आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान करने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 28 अक्टूबर 2026 को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक किया जाएगा। प्राप्त निर्देशों के अनुसार संभाग, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पदनामित लोक सूचना अधिकारियों (पीआईओ) एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों (एफएओ) को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में सूचना का अधिकार अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों तथा आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित कार्यालयों एवं विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थिति सुनिश्चित करें।

नगर सहित क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

नगर सहित क्षेत्र में नवरात्र पर्व बड़े

- तेंदूकोना में कुल 5 जगहों पर स्थापित की गई थी प्रतिमा

ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह मां जगदंबे की प्रतिमा स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के भक्ति में भक्त लीन रहे। देवी मंदिरों व माता देवालयों में ज्योति कलश की स्थापना की गई थी। श्रद्धालु नंगे पांव उपवास रखकर माता के भक्ति में लीन रहे। इस दौरान माता के दरबार में माता सेवा, जस झांकी, भजन कीर्तन, जगराता सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद ग्रामीण उठाते रहे। वही नौ दिनों के बाद नवरात्र पर्व के अंतिम दिन मंगलवार को माता के प्रतिमा के साथ साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। तेंदूकोना में कुल 5 जगहों पर सार्वजनिक दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया था तथा पूरे नौ दिनों तक सभी पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण पाठ, जगराता, जसगीत व जस झांकी का कार्यक्रम आयोजित की गई। रविवार को हवन





पूजन के बाद सोमवार को सुबह यहां के सभी दुर्गा पंडालों में कन्या भोज कराया गया। यहां के साल्हेभांठा व घरों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा सोमवार को विसर्जित की गई। मंगलवार को बाजारपारा, सांई नगर, बस्तीपारा व गायत्री नगर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाएं देर शाम तक विसर्जन किया गया। इस दौरान सभी पंडालों में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा को पिकअप, ट्रैक्टर व अन्य वाहनों में विसर्जन जुलूस निकालकर मां दुर्गा के प्रतिमा को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया(जहां भक्तों द्वारा जगह जगह पूजा अर्चना की गई। शाम 4 बजे मां दुर्गा के प्रतिमाओं को समीप के लमकेनी बांध में विसर्जन किया गया। तेंदूकोना सहित आसपास के गांवों में सोमवार व मंगलवार को देर शाम तक माता विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान मां भगवती के भक्तों में भारी उत्साह देखा गया।

धूमधाम से मना दशहरा पर्व

बुराई पर अच्छाई की जीत विजया दशमी पर्व दशहरा मंगलवार को तेंदूकोना में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। समीप के ग्राम मोंगरापाली के रामलीला मंडली द्वारा एक दिन की रामलीला का मंचन किया गया। 20 फीट दशानन को जलाने से पहले गांव के प्रमुख मार्गों में भगवान राम की जीवंत झाकी निकालकर रामलीला का मंचन किया गया। पश्चात आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चे, महिलाएं, पुरुष सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। दर्शकों ने एक दूसरे को सोनपत्ती देकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

विरोध प्रदर्शन : स्टेशन और झलप चौक पर ज्ञानेश कुमार के पुतले फूंके

बागबाहरा में वोट चोरी के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेश चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी तामध्वज बघेल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गा सागर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, अंकित बागबाहरा, भूपेंद्र ठाकुर, गणेश शर्मा, गिरीश पटेल, मनोहर सिंह ठाकुर, राजेश सोनी, पोखराज साहू, नवनीत सलूजा, पंकज हरपाल, महेश नरेड़िया, अशोक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, पुष्पेंद्र चंद्राकर, हितेश खरे, मयंक शर्मा, रवि निषाद, दिनेश मोंगरे, लोकेश उइके, तामध्वज बघेल, शैलेश साहू, रमेश ठाकुर, हरीश जैन, प्रखर चंद्राकर, अभिषेक यादव, मोहन बांधे, लोकेश दीवान, बंका निषाद, शब्बीर खान, बलबीर सिंह बग्गा (बबला), कृष्णा यादव, संतोष नाग, कृष्णा हरपाल, रज्जाक खान और डेमन साहू सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा द्वारा कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं के विरोध में बाइक रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर नारेबाजी की। इस दौरान स्टेशन चौक और झलप चौक पर ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार बागबाहरा को सौंपा गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा पारा स्थित पेट्रोल पंप से हुई। यहां से निकली बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए स्टेशन चौक पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के आरोपों और निर्वाचन व्यवस्था के विरोध में नारेबाजी करते हुए ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। रैली आगे बढ़ते हुए झलप चौक पहुंची, जहां पुनः ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इसके पश्चात चौक पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद बाइक रैली तहसील कार्यालय परिसर पहुंची। तहसील कार्यालय परिसर में शहर कांग्रेस अध्यक्ष लखबीर सिंह छाबड़ा ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ किया। इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार बागबाहरा को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मतदाता सूची एवं चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने, मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने तथा निर्वाचन संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने, निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता बनाए रखने और लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं का विश्वास कायम रखने की मांग उठाई।

विधायक ने मताधिकार की रक्षा पर दिया जोर

विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने वोट चोरी के आरोपों को लोकतंत्र और मताधिकार से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता बनाए रखना आवश्यक है। कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और मतदाताओं का विश्वास कायम रखने के लिए अपनी आवाज उठाती रहेगी।

नयापारा कला में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया नवरात्रि पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

आदर्श दुर्गोत्सव समिति नयापारा कला के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। नौ दिनों तक गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। ग्राम सरपंच शशि दीवान, उपसरपंच अगनीबाई ध्रुव ने पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। नवरात्र पर्व के दौरान मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा एवं सुसज्जित पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर समिति की ओर से भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्र पर्व के समापन पर दशहरा के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी। माता रानी के जयकारों के साथ विसर्जन कार्यक्रम हुआ। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता एवं भाईचारे की भावना देखने को मिली।

समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का रहा सहयोग

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सलित राम बरिहा, उपाध्यक्ष हरिशंकर बरिहा, सचिव चोवालाल ध्रुव एवं कोषाध्यक्ष देवकुमार दीवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा सरपंच प्रतिनिधि गंगाराम दीवान, योगेश सेन, संरक्षक सीताराम पटेल, रूपेश दीवान, निलेश ध्रुव, डेमन सेन, नरसिंह ध्रुव, शिव धीवर, घनश्याम पटेल, संतलाल साहू, बैगा फगनू बरिहा, पंडा लक्ष्मण बरिहा एवं आशाराम ध्रुव सहित समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

शंकर नगर में नौ दिन तक आस्था का सैलाब

भजन-गरबा से गूंजा माता रानी का दरबार



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के शंकर नगर में शिवाय

- महाआरती पश्चात महाप्रसाद वितरित किया गया, पश्चात नवकन्या भोज भी कराया

महिला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय दुर्गा उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ हुआ। नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रतिदिन सुबह-शाम की आरती एवं मां की आराधना में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एकत्रित हुए। पूरे नौ दिन मोहल्ले में भक्ति और आस्था की रौनक बनी रही।

पंचमी के दिन समिति द्वारा महाआरती पश्चात महाप्रसाद वितरित किया गया। महाअष्टमी पर हवन-पूजन के पश्चात नवकन्या भोज हुआ जिसके बाद आम भंडारा भी आयोजित हुआ। नवमी के दिन श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना के साथ विदाई दी।

उत्सव के दौरान रात्रि में माता के दरबार में सेवा गीत, भजन-कीर्तन एवं गरबा का आयोजन होता था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता था।

इस सफल आयोजन के लिए समिति ने पार्षद ज्योति रिंकू चंद्राकार सहित सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं एवं मोहल्लेवासियों का आभार व्यक्त किया है।

नगर की सड़कों पर आस्था का उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन नगर में अत्यंत भावुक और भक्तिमय माहौल में हुआ, जब श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। नौ दिनों की कठिन पूजा-अर्चना के बाद शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से माता की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

विसर्जन यात्रा के दौरान नगर की सड़कों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विसर्जन जुलूस में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक और कठिन आस्था का विहंगम दृश्य देखने को मिला, जहां अनेक भक्तों ने श्रद्धापूर्वक अपने शरीर और गालों पर लोहे के बाने (शूल) छिदवाकर देवी भक्ति का कठिन अनुष्ठान पूरा किया। इसके साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर ज्वारा (हरी गेहूं की बालियां) के कलश धारण कर कतारबद्ध होकर चल रही थीं, जबकि पुरुष कंधे पर सजे हुए कांवर और झंडियां लेकर विसर्जन नगर के विभिन्न मार्गों पर आगे बढ़ रहे थे।



जसगीत और जयकारों से गूंजा नगर

'जय माता दी' और पारंपरिक जसगीतों की मधुर स्वर लहरियों के बीच भक्तों ने मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन मार्ग पर माता की आरती उतारी गई और भंडारा प्रसाद का वितरण भी किया गया। स्थानीय पुरानी बस्ती तालाब में विधि-विधान और पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

विजयादशमी पर राजपरिवार की विजय यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर राजमहल से पारंपरिक राजशाही दशहरा हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। राजमाता पीली बाई एवं फुलझर स्टेट के देवेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस ऐतिहासिक परंपरा से जुड़े आयोजन में शस्त्र पूजन, विजय यात्रा, रावण प्रतीक दहन, राजतिलक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

दस विकारों पर विजय का पर्व है दशहरा : देवेंद्र बहादुर सिंह

सभा को संबोधित करते हुए फुलझर स्टेट के देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि दशहरे का ऐतिहासिक संदेश केवल प्राचीन युद्धों की स्मृति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक युग में मनुष्य को अपने भीतर के दस विकारों पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि अहंकार और अन्याय चाहे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है।

समाजजनों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विधायक चातुरी नंद सहित समाज के पदाधिकारियों में यज्ञराम सिदार, विजय कौशिक, सत्यभामा नाग, करमसिंह पालेश्वर, पांडव नाग, शिव शोभन ठाकुर, परमानंद नागेश, गणेश सिदार, कुंजल सिदार, ललित दीवान, शिव अत्री, मंगतराम पालेश्वर, चंद्रशेखर जगत, गोरेलाल सिदार, श्यामचरण सिदार, सफेद बाघ, कमलदेव नाग, चंद्रहास नाग, बुढ़ान सिंह सिदार, नेपाल सिंह सिदार, चंदरसाय सिदार, चुम्मनलाल पुहुप, सुशील कुमार दीवान, अरुण कुमार जगत सहित समाज के प्रबुद्धजनों, मातृशक्ति और युवाप्रभाग के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ सचिव अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ सरायपाली ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन विजय कौशिक कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय गोंड समाज अठारहगढ़ ने किया।

